सीएम ने किया हरदोई के संडीला क्षेत्र में बनी बर्जर पेंट्स की फैक्ट्री का उद्घाटन

मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के साथ ही कौशल विकास को आगे बढ़ाएं कंपनियां : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई के संडीला औद्योगिक क्षेत्र में बर्जर पेंट्स की एक हजार करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की गई मल्टी प्रोडक्ट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का रविवार को अपने सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बर्जर पेंट्स से संडीला में कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का भी अनुरोध किया, जिससे कि स्थानीय युवाओं को दक्ष बनाकर उनके लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। उन्होंने प्रदेश में निवेश कर रहीं विभिन्न कंपनियों से भी अपनी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट और विस्तार के साथ स्थानीय युवाओं के कौशल विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में योगदान देने की अपील की ताकि उद्योगों के लिए दक्ष मानव संसाधन की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 37 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित की गई इस फैक्ट्री को कोरोना काल की चुनौतियों का सामना करते हुए 30 महीने के रिकार्ड समय में पूरा करना आसान नहीं था। जहां चुनौतियां होती हैं, वहां अवसर के रास्ते भी होते हैं। इन्हीं चुनौतियों के बीच औद्योगिक विकास विभाग ने संडीला में अवसर बनाने का प्रयास किया, जिसका सुखद परिणाम इस फैक्ट्री के रूप में हम सबके सामने हैं। यह उत्तर प्रदेश को न सिर्फ एक नए औद्योगिक प्रदेश के रूप में प्रदर्शित करता है बल्कि यह प्रदेश में नई औद्योगिक क्रांति का द्योतक भी है।

उन्होंने कहा कि इस फैक्ट्री में प्रतिदिन 2,000 टन और प्रतिमाह 33,000 टन पेंट का उत्पादन होगा। इससे 1,200 कार्मिकों को रोजगार मिलेगा। इस पर प्रसन्नता भी जताई कि बर्जर पेंट्स ने अपनी नई फैक्ट्री में महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार देने का मंच उपलब्ध कराया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले सीतापुर, हरदोई में लाखों लोगों के पास आवास और शौचालय नहीं थे। फूस की झोपड़ी में रहने को मजबूर थे। यह दर्शाता था कि चिराग तले अंधेरा का कोई उदाहरण है। इस क्षेत्र में विकास पहुंचा ही नहीं। नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाएं ऐसे लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाई हैं। योगी ने कहा कि बीते छह वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था को नजीर बनाने के साथ ही प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूती से आगे बढ़ाया गया। बेहतर कनेक्टिविटी के साथ उद्योगों को निर्बाध बिजली दी जा रही है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

योगी ने कहा कि संडीला में बर्जर पेंट्स के बाद वरुण बेवरेजेस (पेप्सी), आइटीसी, ग्रीन प्लाई, हल्दीराम, वेब्ले स्काट, आस्टिन प्लाई, पिडिलाइट जैसी तमाम इकाइयों को हम समय से भूमि उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को फिर आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके निवेश की पूरी सुरक्षा की गारंटी लेती है और निवेश के लिए हुए अनुबंधों के तहत प्रोत्साहन देने के जो भी वादे किए गए हैं, उन्हें वह ससमय पूरा करेगी। कार्यक्रम में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास नरेंद्र भूषण और बर्जर पेंट्स के एमडी व सीईओ अभिजीत राय भी मौजूद थे। यूपीजीआइएस से हरदोई जिले में 6,520 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

रविवार को लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर हरदोई के संडीला में बर्जर ग्रुप की पेंट फैक्ट्री का वर्चुअली उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ● सूचना विभाग

● कोरोना काल की चुनौतियों के बीच 1000 करोड़ रुपये निवेश का धरातल पर उतरना उप्र में नई औद्योगिक क्रांति का सूचक

यूपीजीआइएस ने मिथक भी तोड़े

योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले क्षेत्रीय आर्थिक विषमता को दूर करना बड़ी चुनौती थी। तब निवेश एनसीआर तक सीमित था। निवेश वहां से आगे बढ़ता तो लखनऊ में रुक जाता था। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआइएस) ने मिथकों को तोड़ा है। यूपीजीआइएस से पूर्वांचल के लिए 10 लाख करोड़ और बुंदेलखंड के लिए 4.29 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के सभी जिलों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

देश की सबसे बड़ी पेंट फैक्ट्री

हरदोई के संडीला में नवनिर्मित फैक्ट्री ● साभार बर्जर पेंट्स

15 हजार टन जल आधारित पेंट बनेगा

4,810 टन प्रतिमाह साल्वेंट आधारित पेंट बनेगा

1,200 कर्मचारियों को प्रत्यक्ष रूप से मिला रोजगार

30 माह में बनी फैक्ट्री, पूर्ण रूप से स्वचालित है प्लांट

37 एकड़ में फैली है फैक्ट्री

● बर्जर की संडीला फैक्ट्री विश्व की सातवीं बड़ी और एशिया की चौथी बड़ी फैक्ट्री है

2 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा प्रतिदिन

हर घर की होगी मैपिंग, जरूरतमंदों को मिलेगा रोजगार » जागरण सिटी।